an>

Title: Regarding appointing two doctors in Char dham express for elderly care.

कुँवर पुÂपेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक महत्वपूर्ण विषय सदन में रखना चाहता हूं। हिन्दुस्तान में हर व्यक्ति चाहे वह जिस धर्म का हो अपने-अपने तीर्थ स्थानों पर जाना चाहता है। हिन्दु धर्म की चार धाम यात्रा होती है वहां की यात्रा न तो व्यक्ति अपने छात्र जीवन में कर पाता है, न जब वह सर्विस में होता है तब जा पाता है। इस समय जितने भी लोक सभा सदस्य हैं, अगर हम लोग सोचें कि एक माह के लिए चार धाम यात्रा पर जाएं तो कभी नहीं जा सकते। हम अपने बुजुर्ग को भी लेकर नहीं जा सकते। मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन कि चार धाम यात्रा एक्सप्रेस में रेल मंत्रालय उस ट्रेन में दो डॉक्टरों की नियुक्ति करे ताकि जो बुजुर्ग लोग जाते हैं लेकिन उनके साथ बच्चे नहीं जा पाते हैं और उनका पूरा परिवार चिंतित रहता है उनकी समय पर देखभाल होती रहे और उनके परिवार वाले निश्चिंत बने रहें।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Sharad Tripathi and Shri Bhairon Prasad Mishra are allowed to be associated with the issue raised by Kunwar Pushpendra Singh Chandel.